Australian Government | myagedcare

# गोपनीयता संग्रह अधिसूचनाएँ

व्यक्तिगत जानकारी में आपका नाम, संपर्क विवरण, स्वास्थ्य आवश्यकताएं और आपका समर्थन कौन करता है, ऐसी बातें शामिल होती हैं। विभाग इस जानकारी को फोन, ऑनलाइन, ईमेल या व्यक्तिगत रूप से एकत्र करता है। इसका उपयोग प्रश्नों के उत्तर देने, आपको रजिस्टर करने, सेवाओं के लिए आपकी पात्रता की जांच करने, और आपको अपनी आवश्यकतानुसार देखभाल प्राप्त करने में सहायता देने के लिए किया जाता है।

आपकी जानकारी को अन्य सरकारी एजेंसियों और देखभाल प्रदाताओं के साथ साझा किया जा सकता है। आप अपनी जानकारी को देखने या इसमें सुधार करने के लिए आग्रह कर सकते/ती हैं, और आवश्यकतानुसार शिकायत भी कर सकते/ती हैं। *Aged Care Act 2024 [वृद्ध देखभाल अधिनियम 2024]* के तहत जानकारी का संग्रह प्राधिकृत है।

## वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में पूछताछ

यह गोपनीयता अधिसूचना इस बारे में समझाती है कि जब आप पूछताछ करते/ती हैं या My Aged Care के माध्यम से वृद्ध देखभाल प्रणाली के बारे में जानकारी मांगते/ती हैं, तो Department of Health, Disability and Ageing [स्वास्थ्य, दिव्यांगता एवं आयुर्वृद्धि विभाग] (विभाग) व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र और प्रबंधित करता है।

### *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करते हैं*

हम आपकी पूछताछ का उत्तर देने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी को तब एकत्र करते हैं, जब आप निम्नलिखित माध्यमों से वृद्ध देखभाल प्रणाली के बारे में जानकारी मांगते/ती हैं:

- My Aged Care संपर्क केंद्र से फोन या ईमेल के माध्यम से हमसे संपर्क करना, या
- Services Australia सेवा केंद्र में उपस्थित होना।

यदि आप हमसे फोन के माध्यम से संपर्क करते/ती हैं, तो हम प्रशिक्षण और गुणवत्ता उद्देश्यों के लिए कॉल को रिकॉर्ड करते हैं, जब तक कि आप हमें ऐसा करने से मना न करें। यदि हम कॉल रिकॉर्डिंग बनाते हैं, तो हम इसके माध्यम से कॉल के दौरान आपके द्वारा दी जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करेंगे।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी के बिना हम आपको केवल सामान्य जानकारी ही दे सकते हैं, किंतु हम आपकी परिस्थितियों पर विचार नहीं कर पाएंगे या किसी बाद के चरण में आपको उत्तर नहीं दे पाएंगे।

## *हम कौन सी जानकारी एकत्र करते हैं*

हमारे द्वारा एकत्र की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी आपकी पूछताछ पर और क्या आप My Aged Care के साथ रजिस्टर्ड हैं या नहीं, इसपर निर्भर करती है। उदाहरण के लिए:

- यदि आप रजिस्टर्ड हैं, तो हम आपका नाम, जन्मतिथि, ईमेल पता, वृद्ध देखभाल आईडी या Medicare नंबर एकत्र कर सकते हैं, ताकि आपके सेवार्थी रिकॉर्ड को ढूंढा जा सके और आपकी सहायता की जा सके।
- यदि हमें आपसे दोबारा संपर्क करने की आवश्यकता होती है, तो हम आपका नाम, संपर्क विवरण और आपकी पूछताछ के बारे में आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी एकत्र करेंगे, ताकि हम उत्तर दे सकें।
- हम आपके स्वास्थ्य और परिस्थितियों के बारे में संवेदनशील जानकारी सहित अन्य व्यक्तिगत जानकारी भी एकत्र कर सकते हैं, ताकि हम यह पता लगा सकें कि आपको सबसे अच्छी तरह से सहायता कैसे दी जा सकती है।

My Aged Care के साथ व्यवहार करते समय आपको अपनी पहचान बताने की आवश्यकता नहीं है। किंतु यदि आप ऐसा नहीं करते/ती हैं, तो हम आपको केवल सामान्य जानकारी ही दे सकते हैं। आप अपनी पहचान बताए बिना वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए आवेदन नहीं कर सकते/ती हैं।

*Aged Care Act 2024* के तहत विभाग के पास आपकी जानकारी एकत्र करने का प्राधिकार है।

## *हम यह व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र करते हैं*

हम आपकी सहमति के साथ किसी अन्य व्यक्ति से आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐसा तब हो सकता है जब आपके परिवार के सदस्य या दोस्त वृद्ध देखभाल के लिए आपकी पात्रता के बारे में पूछने के उद्देश्य से कॉल करते हैं।

## *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कैसे करते हैं*

हम अपनी सेवा के बारे में आपका फीडबैक प्राप्त करने के लिए किसी बाहरी सर्वेक्षण प्रदाता के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कर सकते हैं। हम यह केवल आपकी सहमति के साथ ही करेंगे।

हम पूछताछ के माध्यम से एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा नियमित रूप से अन्य लोगों के समक्ष नहीं करते हैं, किंतु आपकी सहमति से या *Aged Care Act 2024* के तहत अनुमत होने पर हम ऐसा कर सकते हैं।

## *विदेश में खुलासा*

सामान्य रूप से हम विदेशी प्राप्तकर्ताओं के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट नहीं करेंगे।

### *आप अपनी जानकारी को कैसे एक्सेस या सही कर सकते/ती हैं*

यदि आपको अपनी जानकारी को एक्सेस या सही करने की आवश्यकता है, तो आप इन माध्यमों से यह कर सकते/ती हैं:

- अपने My Aged Care ऑनलाइन खाते में लॉग इन करें
- My Aged Care को 1800 200 422 पर कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में जाएँ और Aged Care Specialist Officer [वृद्ध देखभाल विशेषज्ञ अधिकारी] से बात करें।

व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और गोपनीयता से संबंधित शिकायत करने के तरीके के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care गोपनीयता नीति देखें।

## My Aged Care सेवार्थी रिकॉर्ड के लिए रजिस्ट्रेशन: सेवार्थी

इस गोपनीयता अधिसूचना में समझाया गया है कि जब आप वृद्ध देखभाल सेवाएँ प्राप्त करने के लिए My Aged Care के साथ रजिस्टर करते/ती हैं, तो Department of Health, Disability and Ageing (विभाग) द्वारा आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र और प्रबंधित किया जाता है।

### *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करते हैं*

My Aged Care के साथ व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करके आप वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए आवेदन, और इसके बारे में अनुकूलित जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं।

आपका व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाने और आपको एक व्यक्तिगत वृद्ध देखभाल आईडी नंबर प्रदान करने के लिए हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है।

एक बार रजिस्टर कर लेने के बाद हम आपके रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी का उपयोग कर सकते हैं, ताकि आपके द्वारा वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए जमा किए गए किसी भी आवेदन का आकलन किया जा सके, और यदि आप पात्र हों, तो आपको वृद्ध देखभाल सेवाएं प्राप्त करने में समर्थन दिया जा सके।

आप इन तरीकों से My Aged Care के साथ रजिस्ट्रेशन कर सकते/ती हैं:

- My Aged Care संपर्क केंद्र को कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में Aged Care Specialist Officer से बात करें
- वृद्ध देखभाल आकलन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करें।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी के बिना हम आपको My Aged Care के साथ रजिस्टर नहीं कर सकते हैं, और आपको वृद्ध देखभाल के बारे में केवल सामान्य जानकारी ही दे सकते हैं। हम वित्त-पोषित वृद्ध देखभाल सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपका आकलन या अनुमोदन नहीं कर पाएंगे।

## *हम कौन सी जानकारी एकत्र करते हैं*

हम निम्नलिखित जानकारी एकत्र करते/ती हैं:

- आपका नाम, जन्म तिथि, संपर्क विवरण, जनसांख्यिकीय जानकारी और प्रासंगिक पहचानकर्ता (उदाहरण के लिए, Medicare नंबर)
- आपकी प्राथमिकताएं (उदाहरण के लिए, आपकी पसंदीदा भाषा)
- आपकी परिस्थितियों और देखभाल आवश्यकताओं के बारे में अन्य प्रासंगिक जानकारी
- यदि आपके पास समर्थक है - आपके समर्थक का विवरण

*Aged Care Act 2024* के तहत विभाग के पास आपकी जानकारी एकत्र करने का प्राधिकार है।

## *हम यह व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र करते हैं*

जब आप My Aged Care के साथ रजिस्ट्रेशन करते/ती हैं, तो हम उस समय आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सीधे आपसे एकत्र कर सकते हैं। आपकी सहमति के साथ कोई अन्य व्यक्ति आपको My Aged Care के साथ रजिस्टर कर सकता है। जब ऐसा होता है, तो हम उस व्यक्ति से आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करेंगे।

जब आपके या आपको प्राप्त होने वाली वृद्ध देखभाल सेवाओं के संबंध में कुछ बदलता है, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र कर सकते हैं और इसे आपके व्यक्तिगत रिकॉर्ड में शामिल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, हम ऐसा तब करेंगे जब हम आपके वृद्ध देखभाल आकलन के बारे में (यदि आपके लिए यह किया जाए) विवरण एकत्र करते हैं, या यदि आप वृद्ध देखभाल सेवाओं को एक्सेस करना शुरू करते/ती हैं।

## *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कैसे करते हैं*

आपके व्यक्तिगत रिकॉर्ड में शामिल जानकारी *Aged Care Act 2024* के तहत संरक्षित है। जब Aged Care Act के तहत अनुमत हो, तो हम आपके रिकॉर्ड में शामिल जानकारी को वृद्ध देखभाल सेवाओं के प्रावधान के संबंध में पक्षों के साथ साझा कर सकते हैं। इन पक्षों में शामिल हैं:

- Services Australia
- Department of Veterans' Affairs [सेनानिवृत्त मामले विभाग]
- National Disability Insurance Agency [राष्ट्रीय विकलांगता बीमा एजेंसी]
- वृद्ध देखभाल आकलनकर्ता
- वृद्ध देखभाल सेवा प्रदाता

- स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर
- समर्थक या कानूनी प्रतिनिधि, यदि आपके पास हो।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को *Aged Care Act 2024* के अनुसार प्रकट भी कर सकते हैं, जब:

- हम Aged Care Quality and Safety Commission [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग] को जानकारी प्रदान करते हैं, जहां उन्हें अपनी कार्रवाइयों में इसके उपयोग की आवश्यकता है (उदाहरण के लिए, किसी शिकायत के संबंध में)
- आप सहमति देते/ती हैं (उदाहरण के लिए, जहां आप अपने My Health Record में एक आकलन योजना अपलोड करने के लिए सहमत हैं)।

### *विदेश में खुलासा*

हम सामान्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा केवल तभी करेंगे, जब आप या आपके समर्थक My Aged Care को कॉल करें, My Aged Care ऑनलाइन खाते के माध्यम से आपकी जानकारी को एक्सेस करें, अथवा अन्यथा आपके या उनके विदेश में होने पर आप या वे हमसे ईमेल या एसएमएस के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें।

सामान्य रूप से हम विदेशी प्राप्तकर्ताओं के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट नहीं करेंगे।

### *आप अपनी जानकारी को कैसे एक्सेस या सही कर सकते/ती हैं*

यदि आपको अपनी जानकारी को एक्सेस या सही करने की आवश्यकता है, तो आप इन माध्यमों से यह कर सकते/ती हैं:

- अपने My Aged Care ऑनलाइन खाते को अपडेट करें
- My Aged Care को 1800 200 422 पर कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में जाएँ और Aged Care Specialist Officer से बात करें।

व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और गोपनीयता से संबंधित शिकायत करने के तरीके के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care गोपनीयता नीति देखें।

## My Aged Care के लिए रजिस्ट्रेशन: समर्थक

इस गोपनीयता अधिसूचना में समझाया गया है कि जब आप किसी वयोवृद्ध ऑस्ट्रेलियावासी (सेवार्थी) के समर्थक के रूप में My Aged Care के साथ रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर करते/ती हैं, तो Department of Health, Disability and Ageing (विभाग) आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र और प्रबंधित करता है।

## *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करते हैं*

My Aged Care के साथ रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर करना इस बात के लिए एक आवश्यक कदम है कि सेवार्थी के समर्थक के रूप में आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो सके। समर्थक किसी सेवार्थी को वृद्ध देखभाल सेवाओं की खोज करने या उन्हें एक्सेस करने में सहायता दे सकता है या अन्यथा सेवार्थी को *Aged Care Act 2024* (अधिनियम) के तहत या इसके उद्देश्यों के लिए साधन परीक्षण के अलावा कोई अन्य काम करने में सहायता दे सकता है। समर्थक अधिनियम के तहत ऐसी जानकारी या दस्तावेज भी प्राप्त कर सकता है, जो सेवार्थी की सहमति से या अन्यथा प्राधिकृत अधिनियम के तहत सेवार्थी को दिए जा सकते हैं या दिए जाने होंगे।

आपका व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाने और आपको एक व्यक्तिगत वृद्ध देखभाल आई.डी. नंबर प्रदान करने के लिए हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है।

एक बार My Aged Care के साथ रजिस्टर कर लेने के बाद आप सेवार्थी की सहमति से उनके लिए रजिस्टर्ड समर्थक बन सकते/ती हैं। फिर आप उनकी इच्छानुसार जानकारी प्रदान और प्राप्त कर सकते/ती हैं।

आपको एक समर्थक के रूप में रजिस्टर करने के उद्देश्य से किसी भी आवेदन का आकलन करने के लिए हम आपके रिकॉर्ड में दी गई जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। यदि आप रजिस्टर्ड हैं, तो हम आपके रिकॉर्ड में दी गई जानकारी का उपयोग इस उद्देश्य से भी करेंगे कि आप किसी को समर्थन देने की अपनी भूमिका निभाने में सक्षम बनने के लिए वृद्ध देखभाल सेवाएं एक्सेस कर सकें, और यह सुनिश्चित हो सके कि आप समर्थक होने के लिए उपयुक्त बने रहते/ती हैं।

आप इन तरीकों से My Aged Care के साथ रजिस्ट्रेशन कर सकते/ती हैं:

- My Aged Care संपर्क केंद्र को कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में Aged Care Specialist Officer से बात करें
- सेवार्थी को वृद्ध देखभाल आकलन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने में सहायता देने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में
- वृद्ध देखभाल आकलनकर्ता के साथ बात करें
- Registration of a Supporter form [समर्थक रजिस्ट्रेशन फॉर्म] जमा करें।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी के बिना हम आपको My Aged Care रिकॉर्ड के साथ रजिस्टर नहीं कर सकते हैं या आपको एक समर्थक के रूप में रजिस्टर नहीं कर सकते हैं। इस स्थिति में हम आपको वृद्ध देखभाल के बारे में केवल सामान्य जानकारी ही दे पाएंगे। आप समर्थक के रूप में सेवार्थी के लिए जानकारी प्राप्त करने या संचार करने में सक्षम नहीं होंगे/गी।

## *हम कौन सी जानकारी एकत्र करते हैं*

हम निम्नलिखित जानकारी एकत्र करते/ती हैं:

- आपका नाम, जन्म तिथि, संपर्क विवरण और प्रासंगिक पहचानकर्ता (उदाहरण के लिए, Medicare नंबर)
- सेवार्थी विवरण
- सेवार्थी के साथ आपके संबंध के बारे में जानकारी
- सेवार्थी का समर्थक बनने के लिए आपकी उपयुक्तता या कानूनी क्षमता के बारे में जानकारी।

*Aged Care Act 2024* के तहत विभाग के पास आपकी जानकारी एकत्र करने का प्राधिकार है।

### *हम यह व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र करते हैं*

जब आप My Aged Care के साथ रजिस्ट्रेशन करते/ती हैं, तो हम आम तौर पर उस समय आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं। आपकी सहमति के साथ कोई अन्य व्यक्ति आपको My Aged Care के साथ रजिस्टर कर सकता है। जब ऐसा होता है, तो हम उस व्यक्ति से आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करेंगे।

एक समर्थक के रूप में आपके किसी भी रजिस्ट्रेशन से पहले और बाद में हम अन्य लोगों या संगठनों से आपकी समर्थक बनने की उपयुक्तता या क्षमता के बारे में जानकारी एकत्र कर सकते हैं।

जब आप समय-समय पर अपना रिकॉर्ड अपडेट करते/ती हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी भी एकत्र करेंगे।

### *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कैसे करते हैं*

आपके My Aged Care रिकॉर्ड में शामिल जानकारी *Aged Care Act 2024* के तहत संरक्षित है। हम इस अधिनियम के तहत अनुमत होने पर ही आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट कर सकते हैं, जिसमें ये परिस्थितियाँ शामिल हैं:

- हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी (एक समर्थक के रूप में आपके रजिस्ट्रेशन की पदस्थिति, नाम और संपर्क विवरण) को अन्य समर्थकों, आपसे समर्थन प्राप्त करने वाले व्यक्ति, वृद्ध देखभाल आकलनकर्ताओं और वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के समक्ष प्रकट करते हैं
- किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आपके समर्थक बनने का आवेदन करने पर हम उन्हें आवेदन का परिणाम देते हैं
- हम Aged Care Quality and Safety Commission को जानकारी प्रदान करते हैं, जहां उन्हें अपनी कार्रवाइयों में इसके उपयोग की आवश्यकता है (उदाहरण के लिए, किसी शिकायत के संबंध में)
- जब आप सहमति देते/ती हैं।

### *विदेश में खुलासा*

हम सामान्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा केवल तभी करेंगे जब आप, आपके सेवार्थी या कोई अन्य समर्थक विदेश में स्थित हैं और वे आपकी व्यक्तिगत जानकारी युक्त My Aged Care ऑनलाइन खाते को

एक्सेस करते/ती हैं। यह तब भी हो सकता है जब आप या वे विदेश में रहते हुए My Aged Care को कॉल करते हैं, या अन्यथा विदेश में रहते हुए ईमेल या एसएमएस के माध्यम से My Aged Care से जानकारी प्राप्त करते हैं।

सामान्य रूप से हम विदेशी प्राप्तकर्ताओं के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट नहीं करेंगे।

### *आप अपनी जानकारी को कैसे एक्सेस या सही कर सकते/ती हैं*

यदि आपको अपनी जानकारी को एक्सेस या सही करने की आवश्यकता है, तो आप इन माध्यमों से यह कर सकते/ती हैं:

- अपने My Aged Care ऑनलाइन खाते में लॉग इन करें
- My Aged Care को 1800 200 422 पर कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में जाएँ और Aged Care Specialist Officer से बात करें।

व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और गोपनीयता से संबंधित शिकायत करने के तरीके के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care गोपनीयता नीति देखें।

## वृद्ध देखभाल आवश्यकता आकलन के लिए आवेदन या रेफरल

इस गोपनीयता अधिसूचना में समझाया गया है कि आपके लिए वृद्ध देखभाल आवश्यकता आकलन (या पुनराकलन) का आवेदन या रेफरल करते समय Department of Health, Disability and Ageing (विभाग) द्वारा व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र और प्रबंधित किया जाता है।

### *विभाग आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करता है?*

हम इन उद्देश्यों के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं:

- वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए आपकी पात्रता का निर्धारण करना
- वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए आपकी प्राथमिकता तय करना
- यदि आप पात्र नहीं हैं, तो आपको सूचित करना
- आपको किसी आकलन संगठन के पास भेजना और यदि आप पात्र हैं, तो आपको वृद्ध देखभाल सेवाएं एक्सेस करने में समर्थन देना।

एक वृद्ध देखभाल आकलनकर्ता आपके आवेदन या रेफरल के साथ-साथ आपके व्यक्तिगत रिकॉर्ड में दी गई जानकारी का उपयोग भी करेगा, ताकि आपकी वृद्ध देखभाल आवश्यकताओं का पता लगाया जा सके और आपके लिए आवश्यक सेवाओं के बारे में निर्णय लिया जा सके।

यदि हम आपकी जानकारी एकत्र नहीं करते हैं, तो हम आपकी आवश्यकताओं का पता लगाने और वृद्ध देखभाल के लिए आपकी पात्रता का आकलन करने में असमर्थ होंगे।

### *हम कौन सी जानकारी एकत्र करते हैं*

हमारे द्वारा एकत्र की जाने वाली जानकारी में शामिल हैं:

- आपका नाम, जन्म तिथि, जनसांख्यिकीय और संपर्क विवरण
- कार्यात्मक क्षमता (दैनिक गतिविधियाँ करने की क्षमता)
- मनोसामाजिक आवश्यकताएं (मानसिक स्वास्थ्य जानकारी)
- वर्तमान परिस्थितियाँ और समर्थन
- समर्थक या अन्य प्रासंगिक संबंध के बारे में जानकारी, यदि कोई हो
- रेफरल का कारण, यदि प्रासंगिक हो।

*Aged Care Act 2024* के तहत विभाग के पास आपकी जानकारी एकत्र करने का प्राधिकार है।

### *हम यह व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र करते हैं*

यदि आप वृद्ध देखभाल सेवाओं के लिए आवेदन करते/ती हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं। आपकी सहमति के साथ कोई अन्य व्यक्ति आपकी ओर से आवेदन कर सकता है या आपको वृद्ध देखभाल के प्रति संदर्भित कर सकता है। जब ऐसा होता है, तो हम उस व्यक्ति से आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करेंगे।

### *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कैसे करते हैं*

जब आप आवेदन करते/ती हैं या आपको वृद्ध देखभाल के लिए रेफर किया जाता है, तो हम आपके My Aged Care व्यक्तिगत रिकॉर्ड में जानकारी को संग्रहीत करते हैं। यह जानकारी *Aged Care Act 2024* के तहत संरक्षित है।

जब Aged Care Act के तहत अनुमत हो, तो हम आपके रिकॉर्ड में शामिल जानकारी को वित्त-पोषित वृद्ध देखभाल सेवाओं के वितरण के संबंध में अन्य पक्षों के साथ साझा कर सकते हैं। इन पक्षों में शामिल हैं:

- Services Australia
- Department of Veterans’ Affairs
- National Disability Insurance Agency
- वृद्ध देखभाल आवश्यकताएँ आकलनकर्ता
- वृद्ध देखभाल प्रदाता

- स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर
- आपके समर्थक या कानूनी प्रतिनिधि, यदि आपके पास कोई हो।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा इस प्रकार से भी कर सकते हैं:

- आपकी सहमति से
- जहां *Aged Care Act 2024* के तहत अन्यथा अनुमत है।

### *आपकी व्यक्तिगत जानकारी का विदेश में खुलासा*

हम सामान्य रूप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा केवल तभी करेंगे, जब आप या आपके समर्थक My Aged Care को कॉल करें, My Aged Care ऑनलाइन खाते के माध्यम से आपकी जानकारी को एक्सेस करें, अथवा अन्यथा आपके या उनके विदेश में होने पर आप या वे हमसे ईमेल या एसएमएस के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें। सामान्य रूप से हम विदेशी प्राप्तकर्ताओं के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट नहीं करेंगे।

### *आप अपनी जानकारी को कैसे एक्सेस या सही कर सकते/ती हैं*

यदि आपको अपनी जानकारी को एक्सेस या सही करने की आवश्यकता है, तो आप इन माध्यमों से यह कर सकते/ती हैं:

- अपने My Aged Care ऑनलाइन खाते को अपडेट करें
- My Aged Care को 1800 200 422 पर कॉल करें
- Services Australia सेवा केंद्र में जाएँ और Aged Care Specialist Officer से बात करें।

व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने और गोपनीयता से संबंधित शिकायत करने के तरीके के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care गोपनीयता नीति देखें।

## वृद्ध देखभाल आवश्यकताएं आकलन

इस गोपनीयता अधिसूचना में समझाया गया है कि Department of Health, Disability and Ageing (विभाग) द्वारा किसी आकलन संगठन के माध्यम से आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे एकत्र किया जाता है। वृद्ध देखभाल आवश्यकताओं के आकलन के लिए विभाग आकलन संगठन को अनुबंधित करता है।

जब आप आकलन में आकलनकर्ता को जानकारी प्रदान करते/ती हैं, तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को परिवार के सदस्यों या स्वास्थ्य पेशेवरों जैसे तीसरे पक्षों से भी एकत्र करते हैं, जिनके साथ आकलनकर्ता आपकी आवश्यकताओं के बारे में बात करता है।

*Aged Care Act 2024* द्वारा इस जानकारी के संग्रह को प्राधिकृत किया गया है।

### *विभाग आपकी व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करता है?*

विभाग आपके स्वास्थ्य, सकुशलता, समर्थन, आर्थिक और कानूनी मामलों, तथा घर व व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करता है, ताकि इसे वृद्ध देखभाल आवश्यकता आकलन या वृद्ध देखभाल आवश्यकता पुनराकलन में इस्तेमाल किया जा सके। हम यह पता लगाने के लिए ऐसा करते हैं कि आपको कौन सी वृद्ध देखभाल सेवाओं की आवश्यकता है और आपको इन सेवाओं की कितनी तत्काल आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी कर सकते हैं, जैसे आपकी आवश्यकता के किसी भी समर्थन और वृद्ध देखभाल सेवाओं का प्रबंधन करना।

हम Services Australia से आपको प्राप्त होने वाली वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी एकत्र कर सकते हैं, ताकि आपके लिए वृद्ध देखभाल का प्रशासन और वितरण किया जा सके।

यदि आप सभी आवश्यक व्यक्तिगत जानकारी नहीं देते/ती हैं या ऐसा करने में असमर्थ हैं, तो आकलनकर्ता के पास आपकी आवश्यकताओं की बिल्कुल सही तस्वीर नहीं होगी और वे आपके लिए आवश्यक सेवाओं के स्तर, प्रकार या तात्कालिकता का पता लगाने में असमर्थ हो सकते हैं। आकलनकर्ता आपकी आवश्यकता की वृद्ध देखभाल सेवाओं के निर्धारण के लिए वृद्ध देखभाल आवश्यकता आकलन या वृद्ध देखभाल आवश्यकता पुनराकलन के साथ आगे बढ़ने में असमर्थ हो सकते हैं।

### *हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा कैसे करते हैं*

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा वृद्ध देखभाल या स्वास्थ्य प्रदाताओं, Services Australia और राज्य व राज्य-क्षेत्र की सेवाओं के समक्ष कर सकते हैं। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा केवल तभी करेंगे, जब आपकी सहमति हो या जब *Aged Care Act 2024* के तहत इसकी अनुमति हो।

जब Aged Care Act के तहत अनुमत हो, तो हम आपके रिकॉर्ड में शामिल जानकारी को वित्त-पोषित वृद्ध देखभाल सेवाओं के वितरण के संबंध में अन्य पक्षों के साथ साझा कर सकते हैं। इन पक्षों में शामिल हैं:

- Services Australia
- Department of Veterans' Affairs
- National Disability Insurance Agency
- वृद्ध देखभाल आवश्यकताएँ आकलनकर्ता
- वृद्ध देखभाल प्रदाता
- स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर
- आपके समर्थक या कानूनी प्रतिनिधि, यदि आपके पास कोई हो।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा इस प्रकार से भी कर सकते हैं:

- आपकी सहमति से
- जहां *Aged Care Act 2024* के तहत अन्यथा अनुमत है।

### *आपकी व्यक्तिगत जानकारी का विदेश में ख़ुलासा*

यदि आपके पास कोई ऐसा समर्थक है जो विदेश से आपका ऑनलाइन खाता एक्सेस सकता है, तो यह संभव है कि Privacy Act और APPs [ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों] के संरक्षण लागू न हों। समर्थकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे केवल वृद्ध देखभाल में आपकी सहायता के लिए ही आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करें। हम किसी अन्य विदेशी प्राप्तकर्ता के समक्ष आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे।

### *आप अपनी जानकारी को कैसे एक्सेस या सही कर सकते/ती हैं*

हमारे पास आपके My Aged Care ऑनलाइन खाते के माध्यम से संग्रहीत आपकी व्यक्तिगत जानकारी में शामिल कुछ बातों को आप एक्सेस और सही कर सकते/ती हैं। निम्नलिखित के बारे में और अधिक जानकारी के लिए My Aged Care गोपनीयता नीति देखें:

- हम व्यक्तिगत जानकारी के साथ कैसे व्यवहार करते हैं
- अपनी जानकारी को एक्सेस या सही करने के लिए आप आग्रह कैसे कर सकते/ती हैं
- आप गोपनीयता से संबंधित शिकायत कैसे कर सकते/ती हैं।

## संपर्क विवरण

यदि आप गोपनीयता से संबंधित किसी मामले के बारे में विभाग से संपर्क करना चाहते हैं, जिसमें इस नोटिस के बारे में प्रश्न भी शामिल हैं, तो कृपया निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से विभाग के प्राइवेसी अफ़सर (गोपनीयता अधिकारी) से संपर्क करें:

- डाक: Privacy Officer, Department of Health, Disability and Ageing,

  23 Furzer Street WODEN ACT 2606
- ईमेल: privacy@health.gov.au
- टेलीफोन: 02 6289 1555